## एक नजर में

### दीवान शैलेन्द्र सिंह जिला संगठन प्रभारी नियुक्त



**तेंदूखेड़ा:** कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव दीवान शैलेन्द्र सिंह को नरसिंहपुर जिले का संगठन प्रभारी का दायित्व सौंपा है। वे मप्र शासन के मंत्री रहे दीवान चंद्रभान सिंह के पुत्र हैं।

### बीमार बच्चे को मिला रेलवे डाक्टर का उपचार

**नरसिंहपुर:** मुंबई-वाराणसी महानगरी एक्सप्रेस (22177) में सफर कर रहे एक तीन माह के मासूम की तबीयत बिगड़ने पर नरसिंहपुर स्टेशन पर उसे तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई। डिप्टी कॉमर्शियल की सूचना पर रेलवे चिकित्सक डा. आर.आर. कुर्रे ने ट्रेन पहुंचते ही बच्चे की जांच की, जिसमें भीषण गर्मी के चलते उसे तेज बुखार और डिहाइड्रेशन (पानी की कमी) की शिकायत पाई गई। डाक्टर ने तत्काल उपचार देते हुए बच्चे की मां को ओआरएस और पानी देने की सलाह दी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश

## बैठक ● जल जीवन मिशन और ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की हुई विस्तृत समीक्षा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा:** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन एवं ग्रामीण पेयजल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने पेयजल समस्याग्रस्त क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग और मैदानी स्तर पर सघन निरीक्षण करने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड परासिया एवं छिंदवाड़ा और म.प्र. जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के ऐसे 136 ग्राम, जहाँ प्रतिवर्ष ग्रीष्मकाल में जल संकट की स्थिति निर्मित होती थी, वहाँ जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। इन क्षेत्रों में अब नल-जल योजनाओं के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कर समस्या का स्थाई निराकरण कर दिया गया है। जिस पर कलेक्टर श्री नारायन ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल आपूर्ति आगे भी सुचारू रहे।

**त्वरित निराकरण कराने के निर्देश:** कलेक्टर श्री नारायन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला स्तरीय पेयजल कंट्रोल रूम को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया कि पेयजल समस्या से संबंधित प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता से किया जाए और त्वरित संज्ञान लेते हुए यथाशीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही, निराकरण के बाद शिकायतकर्ता से सीधे संपर्क कर उसकी संतुष्टि के संबंध में फीडबैक भी लिया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने जोर दिया कि जिन क्षेत्रों में पेयजल समस्या का समाधान किया जा रहा है, वहां से भी अनिवार्य रूप से फीडबैक लिया जाए। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि समस्या का शत-प्रतिशत समाधान हुआ है या नहीं। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड विजिट बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

**उर्वरकों का उठाव कराएं:** शासन के निर्देशानुसार म.प्र. के समस्त जिलो में ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जाना है। जिसके परिपालन मे वर्तमान तक 60080 कृषकों द्वारा ई-टोकन बुक किया जा चुका है। शासन के निर्देशानुसार आज दिनांक 5 मई से पूरे प्रदेश में किसानों को उनकी जमीन की पात्रता के अनुसार लगने वाली सभी उर्वरकों की समस्त मात्रा एक साथ एक बार में ही ई-टोकन बुक करके प्राप्त कर सकते हैं।

उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक जिले में 01 अप्रैल से आज दिनांक तक कुल 17184 किसानों द्वारा लगभग 6000 मैट्रिक उर्वरकों का उठाव ई विकास के माध्यम से किया जा चुका है। अब कृषक एक बार में ही आवश्यक उर्वरक की पूरी मात्रा का ई- विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर प्राप्त कर सकेंगे। कृषक ई-विकास पोर्टल के माध्यम से स्वयं उर्वरक बुकिंग कर टोकन प्राप्त कर सकते है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा जिले की सभी सहकारी समितियों, मार्कफेड के गोदाम प्रभारियों, एमपी एग्रो के केन्द्र प्रभारियों एवं जिले के समस्त अधीकृत निजी विक्रेताओं सहित कॉमन सर्विस सेन्टर को इस कार्य के लिये निदेर्शित किया गया है। वर्तमान में जिले में 51000 मेट्रिक टन यूरिया, एन.पी. के. एवं डी.ए.पी. 24000 मेट्रिक टन, पोटाश 5000 मेट्रिक टन एवं सिंगल सुपर फास्फेट 19000 मेट्रिक टन इस प्रकार लगभग एक लाख मैट्रिक टन उर्वरको का भण्डारण उपलब्ध है। कलेक्टर ने अपील की है कि जल्द से जल्द उर्वरकों का उठाव करें जिससे बाद में होने वाली असुविधा से बच सके।

# परिसर के शेडों में रखे व्यापारियों के माल पर मंडी प्रशासन सख्त

## व्यापारियों को मिली दो दिन की अंतिम मोहलत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा:** छिंदवाड़ा अनाज मंडी के शेडों में लंबे समय से रखे माल और उससे होने वाली अव्यवस्था को लेकर मंडी प्रशासन ने अब कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है। मंगलवार को मंडी सचिव ने प्रांगण का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसके बाद व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति है।मंडी सचिव ने मंडी प्रांगण के सभी शेडों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शेडों के भीतर रखे माल पर आपत्ति जताते हुए उन्होंने संबंधित व्यापारियों को चिन्हित किया है। प्रशासन का मानना है कि शेडों में माल जमा रहने से मंडी की सुचारू व्यवस्था में बाधा उत्पन्न हो रही है।मंडी प्रशासन द्वारा तुरंत कार्रवाई की तैयारी की जा रही थी, लेकिन छिंदवाड़ा अनाज व्यापारी संघ के हस्तक्षेप के बाद व्यापारियों को थोड़ी राहत मिली है।

अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रतीक शुक्ला ने मंडी प्रशासन से चर्चा कर आज होने वाली कार्रवाई को 1 से 2 दिनों के लिए टलवा दिया है।यह समय व्यापारियों को अपना माल व्यवस्थित करने या हटाने के लिए दिया गया है।

अनाज व्यापारी संघ ने सभी संबंधित व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। जिसमें अपनी "छलिया" (अनाज/माल) को जल्द से जल्द मंडी प्रांगण से उठाएं।जिन व्यापारियों का माल किसी अनिवार्य कारण से नहीं उठ पा रहा है, वे उसे शेड के अंदर से हटाकर शेड के बाहर लगा लें, ताकि शेड खाली हो सकें। भार साधक अधिकारी (मंडी) ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए मंडी प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि तय समय सीमा में शेड खाली नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित व्यापारियों पर सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाए।

मंडी में शेडों का खाली रहना सुचारू आवक और अन्य किसानों के माल को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है।

व्यापारी संघ द्वारा समय दिलवाना एक अच्छी पहल है, लेकिन व्यापारियों को इस मोहलत का सम्मान करते हुए तुरंत व्यवस्था सुधारनी चाहिए, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई आर्थिक नुकसान और साख में कमी का कारण बन सकती है।

# जनसुनवाई पर कार्यालय में लगा मिल ताला, वन विभाग बेखबर




वन विभाग के कार्यालय में मंगलवार को लगा रहा ताला। ● नईदुनिया

**नईदुनिया न्यूज, चौरई:** चौरई में वन विभाग की जनसुनवाई व्यवस्था पूरी तरह फेल होती नजर आ रही है। जहां आम जनता अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचती है, वहीं जनसुनवाई केंद्र पर ताला लटका मिलना अब आम बात बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई बार निर्धारित दिन और समय पर केंद्र पहुंचे, लेकिन हर बार निराशा ही हाथ लगी। केंद्र पर न तो कोई अधिकारी मौजूद रहता है और न ही किसी प्रकार की सूचना दी जाती है कि जनसुनवाई कब होगी।

इससे साफ जाहिर होता है कि विभाग को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।वन क्षेत्र से जुड़े मामलों —जैसे फसल नुकसान, जंगली जानवरों का खतरा, अवैध कटाई —जैसी गंभीर समस्याएं समय पर नहीं सुनी जा रहीं। इसका सीधा असर ग्रामीणों की आजीविका और सुरक्षा पर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। यदि यही हाल रहा तो शासन की जनसुनवाई व्यवस्था सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगी। इस पूरे मामले में जब संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ।

# सीबीएसई की पढ़ाई करेंगे खेल परिसर के छात्र



चयनित होने के बाद खेल परिसर के छात्र। ● नईदुनिया

**नईदुनिया न्यूज, तामिया:** खेल परिसर तामिया के 7 छात्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तामिया में सीबीएसई की पढ़ाई करने के लिए चयनित हुए हैं। खिलाड़ी छात्रों का चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर हुआ है ।ये छात्र कक्षा ग्यारहवीं की पढ़ाई अपने चयनित संकाय के आधार पर करेंगे।इस बार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के द्वारा कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए कुल 37 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। खेल परिसर के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है ।15 अप्रैल को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था, जिसमें परिसर के समस्त छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ।

इसी आधार पर इन छात्रों का चयन इएमआरएस तामिया में हुआ है। इस उपलब्धि पर विभाग प्रमुख सहायक आयुक्त सत्येन्द्र सिंह मरकाम, बीईओ, सांदीपनि प्राचार्य बीके सानेर, जिला क्रीड़ा प्रभारी अनुरोध शर्मा,अधीक्षक, कोच शैलेश राय, वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र राजपूत, अतिथि पीटीआई इमरान खान समस्त स्टाफ ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवम शुभकामनाए दी है।

# श्रमदान कर जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने का दिया संदेश



हेंड पंप के आसपास सफाई करते स्वयंसेवक। ● नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा:** जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत हेंड पंप के आसपास स्वच्छता अपनाने जन जागरूकता कार्यक्रम ग्राम रंगीनखापा में किया गया । इस अवसर पर सेक्टर 3 के परामर्श दाता श्यामल राव ने उपस्थित ग्रामीण और एम एस डब्ल्यू छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम स्वच्छता के घटकों में हेंडपंप एवं जल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई बनाकर रखने, बेकार पानी की निकासी का निपटान, सोख पीट बनाकर किया जाए। कूडा करकट का निपटान एक निश्चित स्थान पर ही कर स्वचछता को अपनाए तो हम होने वाली बीमारियों से निजात पा सकते हैं । उदबोधन उपरांत जन सहयोग से दो हेंड पंप के आसपास की सफाई कर बिखरे कचरों को एकत्रित कर सुरक्षित निपटान किया गया और बेकार जमे हुए पानी की निकासी के लिए नाली की सफाई एवं सोखपीट की सफाई की गई ।

# पुरस्कृत कर साध्वी सरस्वती का किया गया सम्मान



सम्मानित करते तरुण तिवारी। ● नईदुनिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छिंदवाड़ा:** आध्यात्मिक वक्ता, प्रेरणादायी मार्गदर्शक एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली साध्वी सरस्वती का छिंदवाड़ा में सम्मान किया गया। समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्मिक जागरण एवं मानव कल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें "ग्लोबल। यूथ विमेन आइकन 2026" से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट मानवीय सेवा कार्यों, प्रेरणादायी नेतृत्व, आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के अद्वितीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जय हो फाउंडेशन एवं आर एन पी ग्रुप के संस्थापक तरुण तिवारी ने साध्वी सरस्वती का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान पत्र भेंट कर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि साध्वी का व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचार, सेवा भाव और आध्यात्मिक दृष्टि आज की युवा पीढ़ी को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर कीर्ति तिवारी, अर्पणा मिश्रा, विजय मते, राम चंदेरे एवं शुभम शर्मा उपस्थित रहे।

## चित्रकला में मानस एवं भाषण प्रतियोगिता में पलक रहीं प्रथम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर:** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में प्राचार्य डा. आर.बी.सिंह के मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस एवं जल संवर्धन, प्रबंधन पर एक दिवसीय सेमीनार सहित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानस गुप्ता, द्वितीय पूजा चौधरी एवं तृतीय स्थान सोनम जाटव द्वारा प्राप्त किया गया, इन्हें नगद पुरूस्कार दिये गये। भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः पलक कहार एवं कृष्णा साहू ने स्थान प्राप्त किया। सहायक प्राध्यापक संत मोनी सर्वोदय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा देवानंद धानक एवं श्रीनिवास राव तेलंग महाविद्यालय बरमान के कौशल तिवारी की उपस्थिति रही। वक्ता द्वय द्वारा वर्तमान में नरसिंहपुर जिले में जल आधारित समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए भूजल संग्रहण की विभिन्न वैज्ञानिक पद्धतियों को समझाया गया। जिले के मुख्य व्यवसाय कृषि के लिए भूजल का अत्याधिक दोहन एवं धान, गन्ना, गेंहू जैसी कृषि फसलों में जल प्रबंधन के महत्व पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयीं।

# जिला शिक्षा अधिकारी को दी विदाई




कार्यक्रम में शामिल अतिथि। ● नईदुनिया

**नईदुनिया न्यूज, अमरवाड़ा:** जिला शिक्षा अधिकारी जीएस बघेल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अमरवाड़ा ब्लॉक एवं हर्रई के टीचर स्टाफ ने समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह टीकाराम चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, गिरीश शर्मा सहायक संचालक डीपी डेहरिया एवं सहायक संचालक अविनाश दीक्षित ने बधाई दी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया ।मंच संचालन बी आरसी विनोद वर्मा ने किया।

# सूने शासकीय क्वार्टर में चोरी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर:** शहर के सुरक्षित माने जाने वाले केंद्रीय जेल परिसर में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक शासकीय क्वार्टर को निशाना बनाया। रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने जेल प्रहरी के सूने मकान का ताला तोड़कर न केवल चांदी के जेवर पार किए, बल्कि मासूम बच्चों की गुल्लक तोड़कर उनकी जमा पूंजी भी समेट ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्रीय जेल नरसिंहपुर में पदस्थ जेल प्रहरी विजय प्रजापति अपने साले की शादी में शामिल होने सपरिवार गोटेगांव गए हुए थे। सोमवार सुबह जब वे ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए अकेले जनशताब्दी ट्रेन से वापस लौटे और क्वार्टर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजे का कुंदा टूटा देख दंग रह गए। भीतर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे हुए थे।

बताया जा रहा है कि चोर तार जाली लांघकर परिसर में दाखिल हुए थे। घर के भीतर अलमारी और गोदरेज के लॉकर खंगालने के बाद जब बदमाशों को बड़ी नकदी हाथ नहीं लगी, तो उन्होंने लॉकर में रखी स्टील की बनी बच्चों की गुल्लकों को निशाना बनाया। गुल्लक में रखी चांदी की हाय-चंद्रमा और अंगूठी और उसमें जमा नकदी भी ले उड़े। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

# करंट की चपेट में आने से विद्युत सुधारक की मौत, जांच शुरू

**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर:** सुआतला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगदरी में सोमवार की सुबह एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां विद्युत लाइन सुधारते समय करंट की चपेट में आने से एक 57 वर्षीय व्यक्ति की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बगदरी निवासी श्रीराम, पिता बुधु यादव, पिछले लगभग दो दशकों से क्षेत्र में विद्युत सुधार कार्य कर रहे थे।

सोमवार सुबह वह गांव के ही एक खेत के समीप बिजली की लाइन में आई खराबी को दूर करने के लिए खंभे पर चढ़े थे, तभी अचानक वह हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी गई। आनन-फानन में विभाग के वाहन की सहायता से उन्हें शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण की।

इस बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि फिलहाल पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच के लिए संबंधित डायरी सुआतला थाना भेजी जा रही है। इसस पूरे मामले में अब भी कई सवाल अनुत्तरित हैं। मृतक श्रीराम उस समय वहां किसका कार्य कर रहे थे, इस पर न तो उनके परिजन कुछ स्पष्ट कह पा रहे हैं और न ही विद्युत विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई पुख्ता जानकारी साझा की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अभाव में घटना के वास्तविक कारणों और परिस्थितियों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है।

लोगों का कहना है कि स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, मृतक अक्सर विद्युत विभाग के साथ सहयोगी के रूप में भी कार्य करते थे, आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने नहीं की है। सरसरी तौर पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही माना जा रहा है।


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन विभाग मंडल कार्यालय, 1227, शालीन हाउस,नेपियर टाउन, जबलपुर (मध्य प्रदेश) 482001 ईमेल – cojbprec@pnb.bank.in, दूरभाष – 0761-4924461

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जो है", "जहाँ है", "जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय – 26.05.2026 दोपहर12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 26.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| 1. शाखा : पांडुरना (म.प्र.) 1.(उधारकर्ता) श्री अनिल कुमार कांबले पिता श्री उत्तमराव कांबले 2.(सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्रीमती गंगा बाई कांबले पति श्री अनिल कुमार कांबले दोनों निवासी: मकान नंबर 599, वार्ड नंबर 24, रानी दुर्गावती वार्ड, पांडुरना, छिंदवाड़ा म.प्र. – 480334 खाता संख्या 597200NC00000109 & 5972009900000036 | मौजा मोरडोंगरी में स्थित अचल संपत्ति के समस्त भू भाग व अंश जिसमें प्लॉट संख्या 166-ए है, तथा उस पर निर्माण कार्य है, जो खसरा सं. 98/2/1/1/1/1/1/1/1/ 1/1/1/1 (पुराना) का भाग है, खसरा सं. 98/2/1/1/1/1 /1/1/1/1 / 1/1/1/1/2 (नया), (रकबा 0.008 हेक्टेयर), प्लॉट क्षेत्रफल पूर्व-पश्चिम में : 15.24 मीटर, उत्तर-दक्षिण: 5.08 मीटर = 77.42 वर्ग मीटर (833.33 वर्ग फीट), पीएच सं. 62, बीएन – 324, तहसील – पांडुरना जिला – पांडुरना (म.प्र.) प्लॉट नागपुर – भोपाल (एन.एच.) रोड से 200 मीटर दूर अंदर स्थित हैं और जो पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 02.09.2021 के अनुसार निम्नानुसार चतुर्सीमा : उत्तर: प्लॉट नंबर 165, दक्षिण: प्लॉट नंबर 166-बी और 167 – बी, पूर्व: कॉलोनी की अनिर्मित रोड़, पश्चिम: प्लॉट नंबर 159 मालिक और बंधककर्ता – श्रीमती गंगाबाई कांबले पति श्री अनिल कुमार कांबले नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB5972310524 | अ) 07.09.2023 (प्रकाशन दिनांक 01.10.2023) ब) 28.03.2026 स) भौतिक आधिपत्य द) रू 16,20,446.14 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 21,84,000.00 ब) 2,18,400.00 स) 26.05.2026 द) 10,000.00 |

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्तें :** (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपत्तियों की बिक्री "जो है, "जहाँ है", "जो कुछ भी है" के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.pnbindia.in, https://baanknet.com पर विजिट करें।

स्थान: जबलपुर, दिनांक 06.05.2026 पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी






